मनमोहक जन्माष्टमी उत्सव

आज दिनांक 23 अगस्त 2016 को आई. आई. एस. के प्रांगण में कक्षा एक से पांच के विद्यार्थियों ने जन्मोत्सव की झांकी से सबका मन मोह लिया ।एक ओर द्वारपालों से सजे कारागार में देवकी की गोद में कान्हा थे तो लड्डूगोपाल के रूप में माखन खाते कान्हा और ग्वाल-बालों के साथ खेलते कूदते श्रीकृष्ण थे। अंत में गोपियों के संग रासलीला करते गोपाल और फिर जन- जन के आराध्य मुरली-मनोहर की झांकी, नृत्य और भजन कीर्तन से आकर्षक रूप में सजी हुई बहुत मनोरम थी। 'गोविन्द बोलो हरी गोपाल बोलो' के जयजयकार से उत्सव का समापन हुआ।